<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**07** मार्च 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन विषय पर आधारित वेबिनार को किया संबोधित। कहा–कृषि में 'प्रौद्योगिकी संस्कृति' लाने पर बल दे रही सरकार।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से 50 क्यूआरटी वाहनों को किया रवाना। कहा– विकास की पहली शर्त है सुरक्षा, जीरो टॉलरेस और जीरो करप्शन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है सरकार
- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान का रास्ता हुआ साफ, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने एयरपोर्ट को दिया सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस।
- संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 का परिणाम किया घोषित, अनुज ने किया परीक्षा को टॉप, शामली की आस्था को मिला नौंवा स्थान

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार कृषि में 'प्रौद्योगिकी संस्कृति' लाने पर बल दे रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट के बाद आयोजित 'कृषि और ग्रामीण परिवर्तन' विषयक वेबिनार में श्री मोदी ने कहा कि सरकार एग्रीटैक के माध्यम से कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना विकसित कर रही है।

उन्होंने किसान पहचान पत्र और डिजिटल भूमि सर्वेक्षण को परिवर्तनकारी कदम बताया। एआई–आधारित प्लेटफार्मों और डिजिटल सर्वेक्षणों की भूमिका पर प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी तभी परिणाम देती है जब इसे संस्थानों और उद्यमियों द्वारा एकीकृत किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा किए गए एमएसपी सुधार से किसानों को लाभ हो रहा है।

**********

***एमएसपी में हुए रिफॉर्म से अब किसानों को डेढ़ गुना तक रिटर्न मिल रहा है। इंस्टीट्यूशनल क्रेडिट कवरेज 75 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। पीएम फसल बीमा योजना के तहत लगभग 2 लाख करोड़ रुपए के क्लेम सेटल किए गए। ऐसे अनेक प्रयासों से किसानों का रिस्क बहुत कम हुआ है और उन्हें एक बेसिक इकोनामिक सिक्योरिटी मिली है।***

श्री मोदी ने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ और दीर्घकालिक विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट कृषि और ग्रामीण परिवर्तन को सशक्त गति प्रदान करता है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में 50 दोपहिया क्यूआरटी क्विक रिस्पॉन्स टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा विकास की कड़ी है। सरकार जीरो टॉलरेंस और जीरो करप्शन की प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश को लेकर परसेप्शन बदला है।

***अर्थव्यवस्था का एक ग्रोथ इंजन बनने की दिशा में किए जाने वाली इस प्रयास की कड़ी सुरक्षा से ही प्रारंभ होती है। मैं हमेशा इस बात को बोलता हूं और मेरा मानना भी है विकास की पहली शर्त होती है सुरक्षा। यह समारोह हमारे लिए महत्वपूर्ण इसलिए है कि नौ वर्षों में जो यह परिवर्तन देखने को मिला है, ओवरऑल परसेप्शन यूपी का जो चेंज हुआ है, इसके लिए कुछ कदम बढ़ाए गए थे, कुछ रिफॉर्म किए गए थे। ट्रांसफॉर्मेशन बगैर रिफॉर्म के नहीं हो सकते।***

ये 50 दोपहिया वाहन उत्तर प्रदेश पुलिस के बेड़े में शामिल हुए हैं। इन वाहनों का उपयोग बॉर्डर जनपदों में कानून व्यवस्था बनाये रखने और आपातकालीन स्थिति या अपराध होने पर पुलिस की तरफ से तत्काल कार्रवाई के लिए किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल कानपुर नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक में शामिल हुए। बैठक में आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक रणनीति, जनसंपर्क अभियान और अन्य राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की गई। बीजेपी कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि समन्वय बैठक में विभिन्न क्षेत्रों की प्रगति को लेकर भी चर्चा की गयी।

**********

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर, इंडिगो एयरलाइन ने पश्चिम एशिया और इस्तांबुल से आने–जाने वाली उड़ानों की टिकट रद्द कराने पर मिलने वाली पूरी छूट 31 मार्च तक बढ़ाने की घोषणा की है। इंडिगो ने बताया कि एयरलाइन ने यात्रियों को सलाह दी है कि यदि उनकी यात्रा निर्धारित है तो वे उड़ान की स्थिति के बारे में अपडेट रहें। साथ ही, अतिरिक्त सहायता या स्पष्टीकरण के लिए यात्री ग्राहक संपर्क केंद्र के नम्बर– नौ एक एक दो चार छह एक सात तीन आठ तीन आठ पर कॉल कर सकते हैं।

**********

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल वाराणसी में विभागीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। उपमुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागीय कार्य मॉडल वर्क और टीम भावना के साथ किए जाएं, ताकि विकास कार्यों में गति, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

**********

प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर परियोजना को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी द्वारा सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस मिल गया है। यह प्रक्रिया एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच के बाद पूरी की जाती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का विमानन क्षेत्र अभूतपूर्व विस्तार और परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। जेवर में बनने वाला यह विश्व स्तरीय हवाई अड्डा एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट पर फ्लाइट संचालन शुरू होने से पहले सुरक्षा मानकों का परीक्षण अनिवार्य होता है। पेश है एक रिपोर्ट.....

***सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस के साथ ही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अब डीजीसीए से एयरोड्रम लाइसेंस मिल गया है, जिसके बाद यहां से फ्लाइट ऑपरेशंस शुरू किए जा सकेंगे। प्रदेश सरकार ने इस एयरपोर्ट को राज्य के सबसे महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया है। यह एयरपोर्ट न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए एक महत्वपूर्ण एविएशन हब के रूप में उभर रहा है। सरकार का मानना है कि इसके शुरू होने से प्रदेश में निवेश, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और व्यापार को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। साथ ही हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।***

**********

सिविल सेवा परीक्षा– सीएसई 2025 का अंतिम परिणाम कल घोषित कर दिया गया है। संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने बताया कि 659 पुरुषों और 299 महिलाओं सहित कुल 958 उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया है। अनुज अग्निहोत्री ने पहला, राजेश्वरी सुवे दूसरा और अकांश ढुल ने तीसरा स्थान हासिल किया है। शामली जिले की आस्था जैन ने नौवां स्थान हासिल किया है। आस्था की मां ममता ने इस पर खुशी जताई।

***बहुत खुशी का माहौल है। बहुत अच्छा लग रहा है आज। हमारी गुड़िया का सपना था बचपन से ही डीएम बनने का और उसने 3 साल लगातार प्रयास किया अभी। फर्स्ट अटेम्प्ट में वह आईपीएस आई थी। 131 रैंक आई उसकी और सेकंड में 181 रैंक आई है और अब नौवीं रैंक लाकर तो उसने बहुत ही अच्छा हमारा मन माहौल बहुत अच्छा कर दिया यहां का।***

अम्बेडकर नगर के पुरू दुबे को 86वीं रैंक, कुशीनगर के पवन कुमार पांडेय को 138वीं, गौतमबुद्ध नगर की मुस्कान वर्मा को 771वीं, अम्बेडकर नगर के विपिन यादव को 316वीं रैंक मिली है। इनके अलावा पीलीभीत की प्रियंका यादव, अमरोहा की सुरभि यादव, वाराणसी की श्रुति, कुशीनगर के विनय वर्मा, और जौनपुर के अतुल सिंह भी सिविल सेवा परीक्षा में उर्त्तीण हुए हैं। 25 मई 2025 को आयोजित प्रारंभिक परीक्षा के लिए 9 लाख 30 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।

**********

प्रदेश सरकार राज्य के राजकीय पक्षी सारस के संरक्षण और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सारस सर्किट की स्थापना करेगी। पेश है एक रिपोर्ट....

***सारस सर्किट परियोजनाओं का विकास ईको–टूरिज्म विकास बोर्ड के माध्यम से प्रदेश का वन विभाग कर रहा है। इसका उद्देश्य सारस पक्षी और वेटलैंड्स संरक्षण के साथ स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देना है। इसमें पर्यटकों की सुविधा के लिए सूचना केंद्र, ईको–टॉयलेट ब्लॉक, पार्किंग, इंटरैक्टिव साइनेज, फूड कियोस्क और ओडीओपी व स्मृति चिन्ह की दुकानें भी विकसित की जाएंगी। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

प्रदेश में मौसम गर्म और शुष्क बना हुआ है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज धूप और बढ़ते तापमान का असर साफ देखा जा रहा है। कई शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है, जिससे दिन के समय लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

**********